प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

29 जुलाई 2022

## बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – जून 2022

जून 2022[1] महीने के लिए 40 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 93 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, जून 2022 में खाद्येतर बैंक ऋण[2] में 13.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले यह 4.9 प्रतिशत थी।

**बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं:**

- जून 2022 में कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण में 13.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले यह 10.6 प्रतिशत थी।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में विस्तार जारी रहा, जिसमें जून 2021 में 0.6 प्रतिशत की कमी की तुलना में जून 2022 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आकार के अनुसार देखें तो, मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले साल के 59.0 प्रतिशत की तुलना में जून 2022 में 47.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूक्ष्म और लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि एक साल पहले के 11.6 प्रतिशत से बढ़कर जून 2022 में 29.6 प्रतिशत हो गई, जबकि बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें पिछले वर्ष की इसी अवधि में 4.8 प्रतिशत की कमी आई थी।
- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'खनन और उत्खनन', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' हेतु प्रदत्त ऋण में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में जून 2022 में वृद्धि हुई। हालांकि, 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'निर्माण', 'रत्न और आभूषण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'कागज और कागज के उत्पादों', एवं 'कपड़ा' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई।
- जून 2022 में सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि बेहतर होकर 12.8 प्रतिशत हुई, जबकि एक साल पहले यह 4.0 प्रतिशत थी, जो मुख्य रूप से 'एनबीएफसी', 'पेशेवर सेवाओं' और 'परिवहन ऑपरेटरों' और 'व्यापार' क्षेत्र द्वारा बेहतर ऋण उठाव के कारण थी।
- जून 2022 में वैयक्तिक ऋण खंड ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और 18.1 प्रतिशत की वृद्धि की, जबकि उसमें जून 2021 में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जो मुख्य रूप से 'आवास' और 'वाहन ऋण' खंडों द्वारा संचालित थी।

**रूपांबरा**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/621**

[1] आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।